नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर में 74 वाँ स्वतंत्रता दिवस सोशल डिस्टेंसिंग के साथ सम्पन्न

जबलपुर। आज दिनांक 15 अगस्त 2020 को नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर मुख्यालय में माननीय डॉ. सीता प्रसाद तिवारी जी, कुलपति, ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर, के मुख्य आतिथ्य एवं डॉ. राजेश शर्मा, अधिष्ठाता, पशुचिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय, जबलपुर में स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण सोशल डिस्टेंसिंग के साथ उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ।

राष्ट्रीय पर्व 74वें स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर डॉ. सीता प्रसाद तिवारी जी, कुलपति, ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर, ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस वि.वि. का नामकरण हमारे श्रद्धेय, प्रणेता, राष्ट्रऋषि एवं भारत रत्न स्व. नानाजी देशमुख जी के नाम पर है। यह हमारे विश्वविद्यालय व राष्ट्र के लिये अत्यंत ही गर्व का विषय है। आपने उपस्थितजनों को उद्बोधित करते हुये कहा कि राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख जी ने अपने जीवन में ग्रामीण विकास के अंतर्गत कृषकों व पशुपालकों के सामाजिक–आर्थिक उत्थान में जो उत्कृष्ट कार्यों

एवं उल्लेखनीय भूमिका का निर्वाहन किया है, हमें उनके द्वारा स्थापित जीवन मूल्यों एवं आदर्शो को आत्मसात करते हुये, विश्वविद्यालय के निरंतर चहुँमुखी विकास में अपनी सक्रिय सहभागिता का निर्वाहन करना, हमारा मुख्य एवं नैतिक दायित्व है। जिसके फलस्वरूप विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न आयामों के माध्यमों से कृषकों व पशुपालकों की आय में बढ़ोत्तरी होगी, जिससे प्रदेश एवं देश आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर होगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शैक्षणिक, अनुसंधान, विस्तार गतिविधियाँ एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुये विस्तृत जानकारी से सभी को अवगत कराया।

माननीय डॉ. सीता प्रसाद तिवारी जी, कुलपति, नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर ने 74वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी विश्वविद्यालय परिवार को अपनी हार्दिक शुभकामनायें प्रेषित की है।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के समस्त अधिष्ठातागण, संचालकगण, प्राध्यापकगण, प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों की उपस्थिति सोशल डिस्टेंसिंग से संबधित निर्देशों के परिपालन करते हुये उल्लेखनीय रही। 74वें स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनिल कुमार गौर/डॉ. आदित्य मिश्रा द्वारा किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर (म.प्र.)